# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – कोतवाली मोहम्मदाबाद

## दिनांक :- 01.04.2024

## कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 65/24 धारा 147/148/149/302 भादवि में वांछित 02 अभियुक्तगण को मय आलाकत्ल गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री जोगेन्द्र सिंह के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद श्री अरुण कुमार के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 31.03.2024 को अभियुक्तगण संजीव पुत्र रामनिवास व कुलदीप पुत्र रामनिवास निवासीगण ग्राम नकटपुर थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रूखाबाद को क्रमशः डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल गेट के पास से तथा धीरपुर चौराहे से गिरफ्तार किया गया तथा अभि0गण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद डंडा आलाकत्ल व अभि0 संजीव द्वारा हत्या के समय पहनी हुई शर्ट बरामद की गई। अभि0गण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

1. संजीव पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम नकटपुर थाना मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़ ।
2. कुलदीप पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम नकटपुर थाना मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़ ।

**घटना का विवरण:-** दिनांक 27.03.24 को पेशकार के खेत के बगल में लगी झाडियो के पास बहदग्राम नकटपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद में अभियुक्तगण द्वारा वादी के भाई सत्यपाल उम्र 48 वर्ष को जमीन बिकवाने की रंजिश मानते हुये सुनयोजित तरीके से एकराय होकर लाठी डण्डो से प्राण घातक चोट पहुँचाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में वादी श्री नेत्रपाल पुत्र राजाराम लोधी राजपूत निवासी ग्राम नकटपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर दिनांक 28.03.2024 को मु0अ0सं0- 65/24 धारा 147/148/149/302 भादवि बनाम 1. संजीव, 2. कुलदीप, 3.कमलप्रताप पुत्रगण रामनिवास 4.शेर सिंह पुत्र दयाराम 5.भूरे पुत्र महिपाल समस्त निवासीगण ग्राम नकटपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद पंजीकृत हुआ। विवेचना के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 31.03.2024 को 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया तथा अभि0गण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद डंडा आलाकत्ल व अभि0 संजीव द्वारा हत्या के समय पहनी हुई शर्ट बरामद की गई । अभि0गण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 01 अदद डंडा (घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल)
2. अभि0 संजीव द्वारा हत्या के समय पहनी हुई शर्ट

**पूछताछ का विवरण –** पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण बताया कि सत्यपाल ने हमारी जमीनें बिकवा दी और हमें उसका पैसा भी नही मिला जिसके कारण मेरा पूरा परिवार बर्बाद हो गया। इसी पुरानी रंजिश के कारण हमने सत्यपाल की डंडा से पीट पीटकर हत्या कर दी।

**अभियुक्त संजीव एवं कुलदीप का आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0सं0 65/2024 धारा 147/148/149/302 भादवि थाना मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़
2. अन्य थानाजात से जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार/बरामद करने वाली पुलिस टीम:-**

1. प्र0नि0 मनोज कुमार भाटी कोतवाली मोहम्मदाबाद
2. उ0नि0 उदयपाल सिंह
3. का0 ओम सिंह
4. का0 तरूण कुमार
5. का0 सुनील कुमार

**मीडिया सेल फतेहगढ़ ।**

# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – थाना कादरीगेट

## दिनांक :- 01.04.2024

### एसओजी/सर्विलांस व थाना कादरीगेट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-406/420/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त को धोखाधडी कर प्राप्त की गयी सोने की चैन सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर **श्री जोगेन्द्र कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण, श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ **श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक **श्री डा0 संजय सिंह** व क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 01.04.2024 को एसओजी/सर्विलांस व थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा **मु0अ0सं0- 85/24 धारा- 406/420/411 भादवि** से सम्बन्धित अभियुक्त संदीप सेठी पुत्र रामलाल निवासी ए-60 , जंगपुरा-B दक्षिण दिल्ली को धोखाधडी कर प्राप्त की गयी सोने की चैन सहित गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।



**घटना का विवरण:-** वादी मुकदमा रमेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र रामभरोसे अग्रवाल निवासी-नेहरू रोड कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ़ द्वारा थाना कादरीगेट पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 22.03.2024 को समय लगभग 11:30 बजे प्रार्थी के मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने काल करके कहा कि मै आवास विकास कालौनी स्थित शिव हास्पीटल से डाक्टर बोल रहा हूँ , मुझे 10 ग्राम सोने की चैन चाहिये। उपरोक्त अज्ञात व्यक्ति की बात का भरोसा कर वादी ने अपनी दुकान के कर्मचारी आशू मिश्रा को चैन देने के लिये उपरोक्त अस्पताल भेजा, अस्पताल के बाहर आशू को एक व्यक्ति खड़ा मिला उसने चैन लेने के बाद कहा कि बस स्टैंड के पास मनोज गुप्ता स्टोर पर जाकर रूपये ले लो , आशू मिश्रा बस स्टैंड गया वहां जाकर मनोज गुप्ता के स्टोर की जानकारी ली तो पता चला कि यहाँ पर कोई भी गुप्ता स्टोर नहीं है, तब आशू मिश्रा उपरोक्त शिव हास्पिटल के डाक्टर के पास गया और उपरोक्त चैन के भुगतान हेतु कहा तब डाक्टर ने बताया मैंने किसी से कोई चैन नहीं मंगवाई , इसके बाद वादी मुकदमा को अपने साथ हुई ठगी का पता चला और वादी मुकदमा ने उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना कादरीगेट पर मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के क्रम में दिनांक 01.04.2024 को एसओजी/सर्विलांस व थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा अभियुक्त संदीप सेठी पुत्र रामलाल निवासी ए-60 , जंगपुरा-B दक्षिण दिल्ली को धोखाधडी कर प्राप्त की गयी सोने की चैन सहित गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण:-** अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मैंने दिनांक 22.03.2024 को शिव हास्पिटल आवास विकास के पास से एक व्यक्ति से डाक्टर बनकर धोखे से सोने की चैन प्राप्त कर ली थी, आज मै पुनः इसी प्रकार की घटना करने की नियत से आया था कि आप लोगो ने मुझे पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-** संदीप सेठी पुत्र रामलाल निवासी ए-60 थर्ड फ्लोर , जंगपुरा B, जंगपुरा दक्षिण दिल्ली उम्र 55 वर्ष

**बरामदगी का विवरण:-** 01 अदद सोने की चैन वजन लगभग 8.5 ग्राम व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार नं0 DL 5CT 0972

**अभि0 संदीप सेठी का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 85/24 धारा 420/406/411 भादवि थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़।
2.मु0अ0सं0 172/2018 धारा 356/379/34 भादवि थाना राजेन्द्र नगर सेन्ट्र दिल्ली नई दिल्ली।
3.मु0अ0सं0 510/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हाटा जिला कुशी नगर।

## गिरफ्तार/बरामद करने वाली थाना कादरीगेट पुलिस :-

1. उ0नि0 श्री दीपक कुमार (चौकी प्रभारी आवास विकास)
2. का0 योगेश कुमार
3. का0 संजीव कुमार
4. का0 प्रशांत कुमार

## एसओजी टीम:-

1. उ0नि0 श्री जितेन्द्र पटेल (प्रभारी एसओजी)
2. हे0का0 गजराज सिंह
3. हे0का0 बलवीर सिंह
4. का0 दिव्यांशु
5. का0 विकासचन्द्र
6. का0 प्रिंस युवराज
7. 0का0 अवधेश कुमार

## सर्विलांस टीम:-

1. उ0नि0 विशेष कुमार(प्रभारी सर्विलांस सेल)
2. हे0का0 करन यादव
3. हे0का0 संदीप
4. हे0का0 अनुराग
5. हे0का0 अजय कुमार

**मीडिया सेल फतेहगढ ।**








GPS Map Camera
Fatehgarh, Uttar Pradesh, India
Bajariya Aliganj, PWD Colony, Fatehgarh, Uttar Pradesh 209601, India
Lat 27.365077°
Long 79.630993°
01/04/24 03:22 PM GMT +05:30
Google